प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.02.2025/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/

शशि चौहान/संजय/11.00 बजे

मुख्य निर्वाचन आयुक्त

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग कार्यालय में अपना पदभार संभाला। श्री राजीव कुमार का मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यकाल कल समाप्त होने के बाद ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति की गई है। वे 1988 बैच के केरल कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्रालय में सचिव के पद पर भी काम किया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने कल नई दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी व राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन के मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी रजनी पाटिल और प्रियंका गांधी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज भी दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दे रही है। राजकीय महाविद्यालय सोलन के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आहवान किया। शांडिल ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

संजौली मस्जिद

राजधानी शिमला के उपनगर संजौली स्थित मस्जिद को लेकर देव भूमि संघर्ष समिति व सिविल सोसायटी संजौली ने मस्जिद के अवैध हिस्से को 15 दिन में गिराने का नगर निगम को अल्टीमेटम दिया है। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को कल एक ज्ञापन भी सौंपा गया। देवभूमि संघर्ष समिति के सह–संयोजक और संजौली के स्थानीय निवासी विजय शर्मा ने बताया कि नगर निगम शिमला आयुक्त द्वारा जारी आदेशों के बावजूद चार महीने के बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम शिमला 15 दिनों के भीतर इस पूरे मामले पर कार्रवाई नहीं करता है तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

आवेदन तिथि

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 फरवरी तक बढ़ा दी है। आयोग की वेबसाइट पर भी इसकी विस्तृत सूचना साझा की गई है। यू पी एस सी हर वर्ष आई ए एस, आई पी एस, आई एफ एस व अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के चयन के लिए ये परीक्षा आयोजित करवाता है।

जीरो टॉलरेंस

नशे पर रोक लगाने के लिए मंडी जिला में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंडी में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिले में सप्लाई व डिमांड चेन को तोड़ने के लिए पुलिस और प्रशासन मिलकर प्रयास कर रहे हैं। उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से भी नशे के खिलाफ मुहिम में सहयोग का आह्वान किया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ है। इस बीच आज से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते आज रात से 21 फरवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक शोभित कटयार ने बताया कि इस विक्षोभ का असर पूरे प्रदेश में होगा।

गौरतलब है कि प्रदेश में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है और लंबे समय से किसान व बागवान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। वर्षा के अभाव में सेब बाहुल्य क्षेत्रों में बागवान सेब के तौलिये भी नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा गेहूं की फसल भी बारिश न होने के कारण पीली पड़ गई है।

शिवरात्रि महोत्सव

अंतर्राष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं व वॉयस ऑफ शिवरात्रि के लिए ऑडिशन आज से शुरू हो रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि ये ऑडिशन 23 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वॉयस ऑफ शिवरात्रि का फाइनल 4 मार्च को महोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में आयोजित किया जाएगा और प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

..........................................